प्रेषक,

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
वाराणसी।

सेवा में,

निबंधक,
राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
उ0प्र0 लखनऊ।

पत्रांक 101 /जि0उ0वि0प्र0फो0/2022 दिनांक 08अप्रैल,2022

विषयः राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं जिला आयोग में मध्यस्थता प्रकोष्ठ की स्थापना किये जाने विषयक।

महोदय,

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन की अधिसूचना संख्या सी0पी0 480/2021/84–2–2021 सी0एन0 1369528 दिनांक 25.11.2021 के द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग में मध्यस्थता प्रकोष्ठ की स्थापना किये जाने के संबंध में आवश्य4क कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के कम में माननीय राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 5070/एस0सी0डी0आर0सी0/अधि0101/16 दिनांक 28 फरवरी, 2022 के अनुपालन में अवगत कराना है कि दैनिक जागरण हिन्दी समाचार पत्र में प्रकाशित करवा दी गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सूचना को **माननीय राज्य आयोग की बेवसाइट पर अपलोड करा दिया जाय**। इस संबंध में शर्तो एवं आवेदन का प्रारूप तथा अन्तिम तिथि इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है।

सादर।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
08/4/22
(सुरेन्द्र कुमार सिंह)
अध्यक्ष,
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
वाराणसी।

नि:शुल्क प्रकाशनार्थ

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,**
**पी0सी0एफ0प्लाजा बिल्डिंग कक्ष सं0–10 नदेसर, वाराणसी।**

पत्रांक 99/डी0सी0डी0आर0सी0–वारा0–2022 दिनांक 07 अप्रैल, 2022

**सूचना**

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सं संबद्ध मध्यस्थता प्रकोष्ठ उपभोक्ता मामलों में मध्यस्थता के लिए मध्यस्थों का एक पैनल तैयार करने का प्रस्ताव करता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 75, उपभोक्ता संरक्षण (मध्यस्थता) नियम, 2020 और उपभोक्ता संरक्षण (मध्यस्थता) विनियम, 2020 एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभा–2 उ0प्र0 शासन की अधिसूचना संख्या सी0पी0 480/2021/84–2–2021–सी0एन0 1369528 के संदर्भ में पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते है:–

(I) माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायधीश हैं,
(II) उपभोक्ता आयोग के सेवानिवृत्त सदस्य हैं,
(III) सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायधीश, सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश या किसी राज्य की उच्च न्यायिक सेवाओं के अन्य सेवानिवृत्त सदस्य हैं,
(IV) सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी हैं, जिनके पास कम से कम दस वर्ष का अनुभव है,
(V) बार में कम से कम दस साल के अनुभव के साथ वकील हैं,
(VI) भारत के सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय या जिला न्यायालय के मध्यस्थता प्रकोष्ठ के साथ पैनलबद्ध मध्यस्थ हैं,
(VII) मध्यस्थता या सुलह में कम से कम पॉच साल का अनुभव रखने वाला व्यक्ति हैं,
(VIII) कम से कम पंद्रह वर्ष के अनुभव के साथ विशेषज्ञ या अन्य पेशेवर या सेवानिवृत्त वरिष्ठ नौकरशाह या सेवानिवृत्त अधिकारी हैं,

2. मध्यसीं के नियम और शर्ते, मध्यस्थों को देय शुल्क सहित, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और उपभोक्ता संरक्षण (मध्यस्थता) नियम, 2020 और उपभोक्ता (मध्यस्थता) विनियम, 2020 के प्रासंगिक प्रावधनों के अनुसार होंगी।

3. पात्र व्यक्ति अपने आवेदन इस तरह से भेजगें कि उनके सभी तरह से पूर्ण आवेदन जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, पी0सी0एफ0 प्लाजा बिल्डिंग कक्ष संख्या–10 नदेसर वाराणसी को अधिकतम दिनांक. **05.05.2022** अपराहन् 5.00 बजे तक पंहुचे। इसके बाद किसी भी कारण से प्राप्त आवेदन को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

4. चयन समिति उम्मीदवारों की उपयुक्तता, सत्यनिष्ठा के साथ–साथ प्रासंगिक अनुभव को ध्यान में रखते हुए, आवेदनों की जांच और शॉर्टलिस्टिंग और अपनी सिफारिशें करने के लिए अपनी प्रकिया निर्धारित करने के लिए किसी भी मानदंड को अपना सकती है।

5. इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन अनुलंग्नक–1 में दिये गये प्रारूप में जमा कर सकते है। पूर्ण जानकारी एवं आवेदित प्रारूप पत्र को विभाग की बेवसाईट **htt://scdrc.up.nic.in/** से डाऊनलोड किया जा सकता है।

आदेश दवारा प्रकाशित
07/4/22
(सुरेन्द्र कुमार सिंह)
अध्यक्ष,
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
वाराणसी।

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
वाराणसी

प्रधान संपादक,
दैनिक जागरण समाचार पत्र,. हिन्दुस्तान समाचार पत्र, अमर उजाला समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना जनहित में प्रकाशन करने का कष्ट करें।

श्री मान जी
तीनो समाचार पत्र प्राप्ती जा कर
पत्र प्राप्त करा दिया है
लक्ष्मी कुमार
दि० 7-4-22

अनुलग्नक–1

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, वाराणसी से संबद्ध मध्यस्थता प्रकोष्ठ के लिए मध्यस्थ के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन**

एक पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हो

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नम | |
| 2. | (ए) पिता का नाम<br>(बी) माता का नाम | |
| 3. | वैवाहिक स्थितिः<br>विवाहित या अविवाहित<br>विवाहित है तो जीवनसाथी का नाम व्यवसाय | |
| 4. | जन्म तिथि | |
| 5. | स्थाई पता | |
| 6. | मेबाइल नं0 और ईमेल आईडी के साथ पत्राचार का पता | |
| 7. | वर्तमान व्यवसाय और वार्षिक आय | |
| 8. | शैक्षणिक योग्यता | |
| 9. | मध्यस्थता और शैक्षणिक क्षेत्र/सेवा में अनुभव | |
| 10. | क्या आपने कभी राज्य/केंद्र सरकार के अधीन सिविल पोस्ट पर कार्य किया है? यदि हॉ तो विवरण दें, | |
| 11. | क्या आपने कभी मध्यस्थता का कोई प्रशिक्षण प्राप्त किया है? यदि हॉ तो विवरण दें और अपेक्षित प्रशिक्षण प्रमाण पत्र संलग्न करें | |
| 12. | (ए) स्थाई खाता संख्या (पैन)<br>(बी) आधार संख्या | |
| 13. | क्या आवेदक पर किसी अपराधिक मामला दर्ज किया गया है? | |
| 14. | क्या आवेदक पर किसी अपराधिक मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है? यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है। | |
| 15. | क्या आवेदक को किसी सक्षम न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामलें में दोषसिद्ध किया गया है? यदि हॉ तो तत्संबंधी ब्यौरा | |
| 16. | कोई अन्य जानकारी जो कॉलम नं0 1 से 15 के अंतर्गत नही आती है | |
| | | |

**घोषणा–पत्र**

एतद्द्वारा मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा इस आवेदन में जो भी सूचनायें अंकित की है वह सत्य है। भविष्य में यदि कोई सूचनाएं गलत पाई जाती है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाए।

आवेदक का हस्ताक्षर और नाम

दिनांक..............................

स्थान.................................

टिप्पणियॉ–

(1) आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के समर्थन में सबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें।

(2) सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन की हार्ड कापी इस कार्यालय में दिनांक 05.04.2022 को शाम 5.00 बजें तक या उससे पहले पहुंच जानी चाहिए।

(3) उम्मीदवार को ऊपर दिये गये निर्देशों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,2019 के प्रासंगिक प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों को ध्यान में पढना चाहिए।

